दैनिक भास्कर बुरहानपुर 16-09-2025

60 से अधिक की जांच की, मौसमी बीमारियों से बचाव के बताए लक्षण

नेपानगर | नेपा लिमिटेड अस्पताल में सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा के मार्गदर्शन व उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल झंझडीवाल के निर्देशन में जिले के अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच व परामर्श लिया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पियूष सूर्यवंशी ने बच्चों में फैलने वाली मौसमी बीमारियों, उनके लक्षणों व बचाव के उपाय बताए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा यादव ने आंखों की जांच की। तकनीशियन अमित नायडू और धीरज भावसार ने मरीजों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की। डॉ. झंझडीवाल ने मौसमी रोगों से बचाव, संतुलित आहार व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। डॉ. आशीष दुबे, सोहेल अहमद, शोएब खान, वेदांत वाघमारे, हैरिसन भंडारे, राजू शिंदे, कैलाश वर्मा, शेख नफीस, मुस्तरी बेगम व मार्था जोसेफ ने सहयोग दिया।

पत्रिका

नेपा लिमिटेड अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर, 60 से अधिक का चेकअप

नेपानगर. नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में पधारे शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पियूष सूर्यवंशी ने बच्चों में फैलने वाली मौसमी बीमारियों, उनके लक्षणों और बचाव के उपाय बताए। वहीं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा यादव ने आंखों की जांच कर परामर्श दिया। तकनीशियन अमित नायडू और धीरज भावसार ने मरीजों के ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की। इस दौरान डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने सभी को मौसमी रोगों

से बचाव, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में डॉ. आशीष दुबे, सोहेल अहमद, शोएब खान, वेदांत वाघमारे, हैरिसन भंडारे, राजू शिंदेर, कैलाश वर्मा, शेख नफीस, मुस्तरी बेगम और मार्था जोसेफ ने सक्रिय सहयोग दिया।